Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 26-07-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title : Need to roll back surcharge levied on all superfast trains in the country.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान एक बात की ओर आकृट करना चाहूंगा। हम सब लोगों को मालूम है कि जब बजट प्रस्तुत किया जा रहा था तो उस समय माननीय रेल मंत्री जी ने घोाणा की थी कि पूरे देश की जो सौ ट्रेनें हैं, उन्हें सुपर फास्ट का दर्जा दिया जाएगा। सुपर फास्ट का दर्जा जुलाई से प्रारम्भ भी हो गया और जब सुपर फास्ट हो गया तो वहां उसका चार्ज स्टार्ट हो गया, 20 रुपए प्रतिव्यक्ति, ए.सी. में 30 रुपए से 50 रुपए तक हो गया। लेकिन दुखद स्थिति यह है कि बहुत सारी ऐसी ट्रेनें हैं, जिन्हें सुपर फास्ट का दर्जा तो मिल गया, मगर वहां उस रफ्तार से काम नहीं हो रहा है, जिसकी वजह से आम लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। वैसे ही देश में गरीबी और फटहाली है।

उपाध्यक्ष महोदय, माननीय रेल मंत्री जी के नेतृत्व में बहुत सारे अच्छे काम हुए हैं। उन्होंने देश के लोगों को बहुत फायदा पहुंचाया है, उन्होंने कोई भाड़ा नहीं बढ़ाया है। मंत्री जी गरीबों के हितैाी हैं, मैं उनसे यह कहना चाहता हूं कि आपने सुपर फास्ट का दर्जा तो दे दिया लेकिन उन यात्रियों को उसका लाभ नहीं पहुंच रहा है। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि उनकी पॉकेट से जो पैसा जा रहा है उस पर कम से कम रोक लगाएं और अगर सुपर फास्ट का दर्जा नहीं है तो उसे विदड्रा कर लें ताकि उनका पैसा नहीं लगे, क्योंकि उन्हें इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मैं समझता हूं कि इससे सारा सदन सहमत होगा।...(व्यवधान)

सभी माननीय सदस्य : हम सभी इस बात से सहमत हैं।

श्री राम कृपाल यादव : रेल मंत्री जी यथाशीघ्र इस तरफ ध्यान दें। सुपर फास्ट का जो चार्ज लग रहा है, जब कि वह सुपर फास्ट नहीं है, उन गरीब यात्रियों के पॉकेट के पैसे को बचाएं, यह मेरा आपसे अनुरोध है। इसके लिए यथाशीघ्र कदम उठाएं। धन्यवाद।